कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 18.11.2025

/प्रेस विज्ञप्ति/

कन्या महाविद्यालय में

## नशामुक्ति भारत अभियान अंतर्गत 'शपथ ग्रहण समारोह'

मादक पदार्थों के सेवन से गंभीर सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और शारीरिक समस्याऐं उत्पन्न हो रहीं है, जिसके समाधान के लिए नशामुक्त भारत अभियान की शुरूवात की गई है। शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में इस तारतम्य में नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव ने बताया कि महाविद्यालय में ड्रग समिति स्थापित की गई है, जो कि निरंतर एवं नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रम एवं गतिविधियां न सिर्फ महाविद्यालय परिसर अपितु महाविद्यालय के आसपास भी सक्रिय है।

प्रभारी डॉ0 रेशमा लाकेश ने कहा कि युवा नशामुक्त भारत अभियान में स्वयंसेवक या प्रशिक्षु बनकर जुड़ सकते हैं। प्रशिक्षण और सक्रिय भागीदारी के जरिए वे जागरूकता और आऊटरिच कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं, इस हेतु यूथ रेडक्रॉस एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंयसेवक एवं स्नातकोत्तर छात्राऐं कार्य कर रहीं हैं। प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव ने इस राष्ट्रव्यापी अभियान की सफलता सुनिश्चित करने हेतु छात्राओं एवं कर्मचारियों को मादक पदार्थों से दूर रहने और नशामुक्त राष्ट्र के निर्माण की दिशा में काम करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण के साथ बड़ी संख्या में छात्राऐं उपस्थित रहीं।

*टीप – छात्रहित में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

नशामुक्ति भारत अभियान अंतर्गत 'शपथ ग्रहण समारोह'





